स्मार्ट सिटी की तर्ज पर जीआईसी तिराहे का किया जा रहा सौन्दर्यीकरण

जनता का सफर ब्यूरो

जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश, शहर मे वी लव शाहजहांपुर सेल्फ़ी पॉइंट बनाया जा रहा है

शाहजहांपुर। स्मार्ट सिटी की तर्ज पर जनपद शाहजहांपुर को स्मार्ट बनाने के लिए नगर निगम पूरी तरह से शहर को स्मार्ट बनाने में लगा हुआ है। शहर में सड़कों और पार्कों के सौंदर्यीकरण का कार्य प्राथमिकता पर है। जिसके अंतर्गत जीआईसी तिराहे को सुंदर और स्वक्ष बनाने के लिए जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में चल रहे जीआईसी तिराहे को सुंदर बनाने के लिए नगर आयुक्त संतोष शर्मा और अपर नगर आयुक्त एस के सिंह द्वारा सौन्दर्यकरण का कार्य जोरो पर किया जा रहा है जिसका जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने देर रात इसका निरीक्षण कर आवयश्क दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शहर के लगभग सभी तिराहे चौराहे पार्कों का सौन्दर्यकरण किया जा चुका है और जो होने को रह गए हैं उनका कार्य प्रगति पर है नगर निगम द्वारा इसका कार्य जोरो से कराया जा रहा है। जीआईसी तिराहे पर वी लव शाहजहांपुर लिखवा कर उसको अच्छे से सौन्दर्य करण कर एक सेल्फ़ी पॉइंट बनाया जा रहा है इसके अलावा भी वो स्थान भी चिन्हित किये जा रहें है जिनको सुंदर और स्वक्ष बनाया जा सके उनका भी सौन्दर्यकरण जल्द कराया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एस आनंद, अपर आयुक्त एसके सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।